Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7376	28.04.2023	28.04.2023	Chitrakoot Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/chitrakoot/two-died-of-fever-and-stomach-ache-chitrakutt-news-c-12-1-203497-2023-04-28
Title:	**Two died of fever and stomach ache in Chitrakoot, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Chitrakoot, SSU- Uttar Pradesh			

बुखार व पेट दर्द से दो बुजुर्गों की मौत हो गई। सिपाही समेत सात मरीज जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। इन दिनों सबसे ज्यादा बुखार और पेट दर्द के मरीज अस्पताल आ रहे हैं।

मौसम का मिजाज बदलने से वायरल का प्रकोप बढ़ रहा है। गुरुवार को जिला अस्पताल में 740 मरीज ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे। इनमें ज्यादातर बुखार व पेट दर्द के मरीज थे। पर्चा व औषधि वितरण काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्ष तक मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। पहाड़ी क्षेत्र के कलवारा निवासी रामकृपाल (60) को बेटे सुशील ने बुधवार की रात बुखार व पेट दर्द के चलते भर्ती कराया। इसके अलावा रैपुरा क्षेत्र के गिरधार पुरवा निवासी कल्लू (55) को बेटे मेघनंद ने भर्ती कराया। दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस को सूचना दिए बगैर दोनों शवों को परिजन घर ले गए।

इसके अलावा कर्वी कोतवाली में तैनात सिपाही राहुल देव (32), लौढ़िया खुर्द निवासी मेड़िया (70), शंकर बाजार निवासी प्रेमचंद्र (55), कपसेठी निवासी रामबाबू के छह वर्षीय पुत्र शिवा, पहरा भरतकूप निवासी लक्ष्मन (26), सोनेपुर निवासी देवकुमार की 15 वर्षीय पुत्री रीना व दुबारी नपहाड़ी निवासी शीला (36) को बुखार व पेट दर्द के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1